# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 10.01.2025**

- **थाना सिकंदरा पुलिस टीम द्वारा स्वॉट टीम की मदद से चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 01 नफर शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 24 अदद मोबाईल, 47600 रू नगद, 12 अदद पीली धातु आभूषण व 6 अदद सफेद धातु आभूषण, 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद कारतूस 315 बोर को किया गया बरामद।**
- **अभियुक्त पर जनपद कानपुर देहात के विभिन्न थानों में लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना सिकन्दरा पुलिस व स्वॉट टीम द्वारा दिनांक 10.01.2025 की रात्रि में समय लगभग 01.00 बजे सूर्या पुल के नीचे चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक चोर जो चोरी के कुछ आभूषण व अन्य सामान लेकर कानपुर में बेचने के लिए रसधान हाइवे पर खडे होकर अपने साथी का इंतजार कर रहा है। उक्त सूचना पर थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा समय करीब 04.30 बजे रसधान हाइवे पुल के पास पहुंचकर उक्त चोर को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी लेते हुए उससे पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम विकास शंखवार उर्फ अद्दू पुत्र राजबहादुर निवासी ग्राम आलमचन्दपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 25 वर्ष बताया तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये 24 अदद मोबाईल व 47600 रू, 12 अदद पीली धातु आभूषण व 6 अदद सफेद धातु आभूषण व 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद कारतूस 315 बोर बरामद हुए। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण** –

**1.** विकास संखवार उर्फ अद्दू पुत्र राजबहादुर निवासी ग्राम आलमचन्दपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त विकास शंखवार उर्फ अद्दू उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि साहब मैं ग्राम आलमचन्दपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात का रहने वाला हूँ मै पहले भी चोरी करने के अपराध मे जेल जा

चुका हूँ मै दिसम्बर 2023 से 21 नवम्बर 2024 तक माती जेल में बन्द था तथा 21 नवम्बर 2024 को मैं जमानत पर बाहर आया और फिर मैंने अपने जामीनदार सतीश निवासी इंदरूख थाना रूरा के साथ मिलकर कस्बा अकबरपुर में हरदेव टाकिज के पीछे बन्द पडे एक मकान में ताला तोडकर चोरी की थी जिसमें घर के अन्दर से कुछ सोने व चाँदी के आभूषण चोरी किये थे जिनको मैंने दिनांक 25.11.2024 से 28.11.24 तक कस्बा सिकन्दरा, कस्बा पुखरायाँ में आने जाने वाले लोगों को बेच दिया है लेकिन एक जोडी पायल चाँदी की बिक नही पायी थी जो इसी नीली पॉलीथीन में रखी हुई है। जितना भी सामान मैंने बेचा है उससे  हमें करीब 60 से 65 हजार रूपये प्राप्त हुए थे जिनको मैंने और सतीश ने आधे-आधे बांट लिये थे मेरे हिस्से में 31500/- रूपये आये थे। फिर दिनांक 23.12.2024 को मैं अपने बीबी बच्चों को लेकर जयपुर राजस्थान घूमने चला गया उसके बाद मैं दिनांक 31.12.2024 को बस से जयपुर से सिकन्दरा आया और सुबह करीब 7.00 बजे बिरहाना तिराहा सिकन्दरा आया फिर मैंने 01.01.2024 को पूरा दिन कस्बा सिकन्दरा में ही दुकानो की रैकी करने में बिताया और कस्बा सिकन्दरा में स्थित एक लोहार की दुकान से एक तीन सौ रूपये का लोहे का सब्बल खरीदा और 10 रूपये की प्लास्टिक की बोरी खरीदी थी और फिर मैंने अपने साथी सतीश को भी कस्बा सिकन्दरा बुला लिया था। फिर मैंने व मेरे मित्र सतीश ने मिलकर दिनांक  1-2/01/2025 की रात को कस्बा सिकन्दरा में स्थित एक मोबाईल की दुकान में चोरी की थी जहां से मैंने उसी दुकान से करीब 35 से 38 मोबाईल, 72500 रुपये नगद व उस मोबाइल की दूकान में मुझे इसी नीले रंग की पॉलीथीन में कुछ सोने व चाँदी के आभूषण रखे हुए मिले थे साहब कस्बा सिकन्दरा स्थित मोबाईल की दुकान से चोरी किये गये मोबाईलों में से करीब 11 से 14 मोबाईल मेरे दोस्त सतीश के पास हैं व करीब 25000 रूपये मैंने सतीश को दे दिये थे शेष 47500 रूपये मैंने लिये थे साहब जो मोबाईल और सोने चाँदी के आभूषण मैंने कस्बा सिकन्दरा स्थित मोबाईल की दुकान से दिनांक 01-02/01/25 की रात्रि को चोरी किये थे उनको बेचने के लिये कानपुर नगर जा रहा था और मैं अपने बचाव के लिये अवैध देशी तमंचा अपने साथ रखता हूँ। मैंने दिनांक 02.01.25 की रात्रि में कस्बा सिकन्दरा में मोबाइल की दुकान में चोरी के दौरान मेरा दोस्त सतीश सन्दलपुर रोड पर खडे होकर रैकी कर रहा था और मैंने अकेले दुकान का ताला तोडकर मोबाइल कैश व सोने चांदी के आभूषण चुराये थे चोरी करने के बाद मैं अपने दोस्त सतीश के साथ उसके घर ग्राम इन्दरूख थाना रूरा गया और वहीं पर माल का बंटवारा किया था। इसके बाद मैं दिनांक 03.01.2025 को अपने घर ग्राम आलमचन्दपुर चला गया था मेरे दोस्त सतीश ने मुझे रसधान चौराहे पर बुलाया था और मुझसे कहा था कि मैं गाडी लेकर रसधान आऊंगा और हम माल को बेचने रसधान चलेंगे। मैं अपने साथी का इंतजार कर रहा था कि तभी आपने पकड़ लिया।

शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों द्वारा तलाश की जा रही है शीघ्र ही शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 02/2025 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0स0 05/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0स0 55/2019 धारा 380/411/457 आईपीसी थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
4. मु0अ0स0 203/2024 धारा 3(1) गैंगस्टर अधि0 थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
5. मु0अ0स0 421/2023 धारा 380/411/423 आईपीसी थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
6. मु0अ0स0 497/2023 धारा 380/411/413/414/457 आईपीसी थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
7. मु0अ0स0 552/2023 धारा 307 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
8. मु0अ0स0 633/2018 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

9. मु0अ0स0 185/2023 धारा 380/457 आईपीसी थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।
10. मु0अ0स0 169/2023 धारा 34/380/411/413/414/457 आईपीसी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
11. मु0अ0स0 380/2023 धारा 380/411/457 आईपीसी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
12. मु0अ0स0 450/2022 धारा 380/457 आईपीसी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
13. मु0अ0स0 533/2022 धारा 380/411/413/457 आईपीसी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
14. मु0अ0स0 14/2022 धारा 380/457 आईपीसी थाना रनियॉ जनपद कानपुर देहात।
15. मु0अ0स0 415/2023 धारा 380/411/457 आईपीसी थाना रुरा जनपद कानपुर देहात।
16. मु0अ0स0 423/2023 धारा 380/457 आईपीसी थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात।
17. मु0अ0स0 90/2023 धारा 380 आईपीसी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात

**बरामदगी का विवरण-**

1. 24 अदद मोबाईल
2. 47600 रू नगद
3. 12 अदद पीली धातु आभूषण व 6 अदद सफेद धातु आभूषण
4. एक अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर मय एक अदद कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्दरा व सर्विलांस पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महेश कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 श्री जयप्रकाश शर्मा प्रभारी स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात।
3. उ0नि0 श्री भारत सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद कानपुर देहात।
4. उ0नि0 दयानन्द झा थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
5. उ0नि0 चरण सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
6. हे0का0 124 ध्यानेन्द्र सिंह सर्विलांस टीम जनपद कानपुर देहात।
7. हे0का0 604 अजीत सिंह सर्विलांस टीम जनपद कानपुर देहात।
8. का0 1059 मोहम्मद अकरम सर्विलांस सेल कानपुर देहात।
9. का0 896 कपिल कुमार सर्विलांस सेल कानपुर देहात।
10. हे0का0 685 चन्द्रप्रकाश स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात।
11. हे0का0 13 मुकेश कुमार स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात।
12. का0 1206 प्रहलाद सिंह स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात।
13. का0 172 रविन्द्र रावत स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात।
14. का0 761 आलोक स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात।
15. का0 142 सनोष कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
16. का0 996 आशुतोष मौर्या थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
17. चालक हे0का0 320 शिवम यादव थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।